# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार 26 अप्रैल 2025






## खबर संक्षेप

### 25 लाख गबन का आरोपी सचिव निलंबित

**अकलतरा।** ग्राम पंचायत रसेड़ा के सचिव इलाही मोहम्मद कुरैशी को ग्राम कोटमीसोनार के सचिव रहने के दौरान 25 लाख रुपए गबन के आरोप के विरुद्ध गठित जांच समिति के समक्ष उचित व्यवहार नहीं किए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि के दौरान इलाही मोहम्मद कुरैशी का मुख्यालय पामगढ़ जनपद पंचायत बनाया गया है एवं नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की सुविधा प्रदान की गई है। बताया जा रहा है कि कोटमी सोनार के पूर्व सरपंच रामीन बाई और सचिव इलाही मोहम्मद के खिलाफ 25 लाख राशि अनियमितता की शिकायत की गई थी जिसकी जांच हुई थी इस जांच में सहयोग नहीं करने और पदीय कर्तव्य के निर्वहन में लापरवाही बरतने को लेकर जिला पंचायत सीईओ द्वारा सचिव को निलंबित कर दिया गया है। बताया यह भी जा रहा है कि इस मामले में अकलतरा विधायक राघवेंद्र सिंह द्वारा विधानसभा में ध्यानाकर्षण के माध्यम से बताया गया है कि 2022-23 और 2023-24 में कूट कूट रचना 25 13,530 की राशि का गबन सरपंच तथा सचिव द्वारा किया गया था जिसकी जांच में सही पाया गया है । इस मामले में विधायक राघवेन्द्र सिंह द्वारा यह भी ध्यान दिलाया गया है कि इस मामले की सूचना जनपद पंचायत द्वारा 6 मार्च 2024 को अकलतरा थाना में दी गई थी लेकिन अकलतरा थाना द्वारा अपराध दर्ज नहीं किया गया है । इस मामले में अकलतरा थाना टी आई द्वारा जवाब पेश किया जा चुका है। जिला पंचायत द्वारा निलंबन का कारण कर्तव्य के प्रति लापरवाही बताया जा रहा है।

### 165 यात्रियों का दल करेगा बाबा बैजनाथ धाम की यात्रा

**सक्ती।** राज्य में मंत्री परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत यात्राएं पुनः प्रारंभ की गई है। जिसके तहत सक्ती जिले से 165 यात्रियों के दल को बाबा बैजनाथ धाम की यात्रा 7 मई से 10 मई तक कराया जाना प्रस्तावित है। प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त अवधि में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत बाबा बैजनाथ धाम, बजरंग बली मंदिर, अनुकूल ठाकुर सत्संग मंदिर का यात्रा कराया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए समाज कल्याण विभाग उपसंचालक कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

### मलेरिया से बचाव के उपाय और सावधानियां

**जांजगीर-चांपा।** मलेरिया से बचाव को लेकर सावाधानी जरुरी है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष मलेरिया दिवस की इस साल की थीम ''मलेरिया का अंत हमारे साथ - पुनर्निवेश, पुनर्कल्पना, पुनर्जागृति'' है। इस अवसर पर मलेरिया के प्रति जागरूकता लाने पर जिला, विकासखण्ड एवं ग्राम स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। सीएमएचओ ने बताया कि वर्ष 2000 में जिले में 5303 मलेरिया प्रकरण पाये गये थे। वर्ष 2024 में कुल 30 प्रकरण है। मलेरिया मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से होता है। ठंड के साथ कपकपी आना, तेज बुखार, पसीना आना, सिर दर्द, बदन दर्द, उल्टी, दस्त, खांसी और झटके मलेरिया के लक्षण है।

### आकांक्षा आवासीय कोचिंग में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** आकांक्षा कार्यक्रम अंतर्गत वर्ष 2025-26 में 11वीं कक्षा में अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर छात्र/छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर की इंजीनियरिंग, मेडिकल से संबंधित प्रवेश परीक्षाओं में सफल होने हेतु 2 वर्षीय पाठ्यक्रम हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि बुधवार 30 अप्रैल निर्धारित की गई है। लिखित परीक्षा की तिथि के संबंध में पृथक से सूचना जारी किया जाएगा।

सक्ती जिले के डभरा क्षेत्र का मामला, मुख्य मार्ग पर दिनभर चक्काजाम

# सड़क के लिए दी जमीन, नौ साल बाद भी नहीं मिला मुआवजा, सड़क पर उतरे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-डभरा

सड़क निर्माण कार्य को लेकर ग्राम पंचायत टुंड्री के किसानो के द्वारा 9 साल पहले जमीन दिया गया था, लेकिन आज पर्यन्त किसानों को मुआवजा राशि नही मिल पाई है। इस बात को लेकर किसानो ने सक्ती टुंड्री मार्ग पर 12 घंटे से अधिक चक्काजाम कर दिया। जिसके चलते सडक के दोनों छोर वाहनो की लंबी कतारे लग गई। इस बीच चक्काजाम के चलते आवागमन पुरी तरह से बाधित रहा। वही लोगो को काफी परेशानी उठानी पड़ी।

गौरतलब है कि सक्ती जिले के डभरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत टुंड्री में सड़क निर्माण कार्य को लेकर बड़ी संख्या में किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया गया था, ताकि सड़क बनने के बाद लोगों को आने जाने के लिए किसी तरह की कोई परेशानी ना हो। इधर किसानों ले सड़क बनाने के लिए अपनी जमीन तो दे दी । वहीं सडक बनाने का काम भी हो गया। दुसरी ओर सड़क बनने के बाद भी किसानो को अब तक मुआवजे की राशि नहीं मिल पाई है। इस बात को लेकर शुक्रवार 25 अप्रैल को ग्राम पंचायत टुंड्री, सराईपाली एवं ओड़ेकेरा के किसानो ने दशहरा चौक बीएसएनएल टावर टुंड्री सक्ती मुख्य मार्ग पर सुबह 8 बजे से ही चक्काजाम कर दिया, जिसके चलते इस मार्ग पर सड़क के दोनो ओर वाहनो की लंबी कतारे देखने को मिली। वही आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना भी करना पड़ा। बताया जा रहा है कि करीब 4 दर्जन से अधिक किसान चक्काजाम में शामिल रहे। सड़क निर्माण कार्य एडीबी के द्वारा किया गया है। इसके पूर्व गांव के किसानों के द्वारा जमीन के बदले मुआवजा राशि दिलाए जाने की मांग को लेकर एडीबी कंपनी एवं भू अर्जन अधिकारी के समक्ष कई बार फरियाद लगाया जा चुका है, लेकिन इसके बाद भी इस पर ध्यान नही दिया गया, जिसके चलते जमीन देने वाले किसानो ने शुक्रवार 25 अप्रैल को चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम की सूचना मिलने पर डभरा तहसीलदार, एसडीएम, थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। इस बीच किसानो को आंदोलन नही करने की समझाइश दी गई, लेकिन किसान अपनी मांगो पर अडे रहे।



टुण्ड्री–सक्ती मार्ग पर चक्काजाम करते किसान एवं लगी वाहनों की कतार।

**50 से अधिक किसानों ने दी है जमीन**

सड़क निर्माण कार्य को लेकर डभरा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत टुंड्री, सराईपाली एवं ओड़ेकेरा के करीब 50 से अधिक किसानो ने अपनी जमीन दी है ताकि सड़क निर्माण कार्य को लेकर किसी तरह की परेशानी ना हो। वही लोगो को आने जाने में सुविधा मिल सके। इधर सडक निर्माण कार्य पूरा हो गया है। वही किसान जमीन देने के बदले मुआवजा राशि पाने के लिए चक्काजाम करने विवश है।



धूप से बचाव के लिए स्कार्फ बांधकर जाती युवतियां।

# तपा रही बैसाख की दोपहरी तापमान पहुंचा 43 डिग्री पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बैसाख की गर्मी ने सभी को हलाकान कर दिया है। लोगों को न तो दिन में चैन मिल रहा है और न ही रात में आराम। शुक्रवार 25 अप्रैल की दोपहर शहर का तापमान 43 डिग्री को पार कर गया।

सुबह 9 बजे के बाद सूरज आग उगलने लगती है। गर्म हवाएं व लू के थोड़ों ने लोगों की दिनचर्या बदल दी है। रात में भी वातावरण गर्म रहता है जिसके कारण लोगों को रात में भी आराम नहीं मिल पा रहा है। तेज गर्मी के चलते सुबह 9 बजे के बाद लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है, जिससे लोग घरों में दुबके रहना ही ज्यादा पसंद कर रहे हैं। पंखे व कूलर से भी पर्याप्त राहत नहीं मिल रही है। वैसे तो गर्मी इस बार मार्च माह से शुरु हो गई थी लेकिन अप्रैल माह से सूरज ने अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। 25 अप्रैल को शहर का तापमान अधिकतम 43 डिग्री सेल्सियस पार कर गया। स्थिति यह है कि दोपहर होते ही सड़क सुनसान होने लगे हैं। गांव की गलियां भी वीरान रहती है। तेज गर्मी के कारण आवश्यक कार्य होने पर ही लोग सिर पर कपड़ा व आंखों में चश्मा पहनकर घरों से बाहर निकलते हैं। तेज गर्मी ने शीतल पेय पदार्थों की मांग बढ़ा दी है। इसके चलते नींबू, आम, गन्नारस, कोलड्रिंक्स की मांग बढ़ गई है। बाजार में लोग इन्हीं पेय पदार्थों की मांग ज्यादा करते हैं जिसके चलते इनके दामों में भी वृद्धि हो रही है। इधर गर्मी के चलते लू लगने का खतरा बढ़ गया है। डॉक्टरों ने तेज गर्मी से बचने की सलाह दे रहे है। गर्मी का असर बाजार में भी पड़ रहा है। लोग दोपहर से पूर्व या शाम को ही खरीदारी करना पसंद कर रहे हैं। दोपहर को बाजार में सन्नाटा पसरा रहता है। इधर गर्मी के कारण हरी सब्जियां सूख रही है।

**खास बात**

- चल रहे लू के थपेड़े, घरों से निकलना मुश्किल




## कुकदा-रिंगनी में पटवारी नहीं होने से ग्रामीण परेशान, कामकाज ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोधना

ग्राम पंचायत कुकदा और रिंगनी पटवारी हल्का नंबर 14 में पटवारी नहीं होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दोनों गांव के ग्रामीणों के नाम जुड़वाने, राशन वितरण और जमीन संबंधी रजिस्ट्री जैसे महत्वपूर्ण कार्य अटके पड़े हैं। आवश्यक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर न होने के कारण ग्रामीणों को बी-1 जैसे जरूरी कागजात भी नहीं मिल पा रहे हैं। इसके साथ ही, जाति प्रमाण पत्र और अन्य आवश्यक शासकीय कार्यों के लिए भी ग्रामीणों को भटकना पड़ रहा है, क्योंकि पटवारी क्षेत्र में उपलब्ध नहीं हैं। इस समस्या को लेकर ग्राम पंचायत कुकदा ने गहरी चिंता व्यक्त की है। ग्राम पंचायत कुकदा के उप सरपंच महेश कश्यप ने उच्च अधिकारियों से अपील की है कि वे तत्काल हस्तक्षेप कर पटवारी की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु किसी समीपस्थ पटवारी को गांव से अटैच करें, ताकि ग्रामीणों को हो रही असुविधा दूर हो सके। पंचायत ने कहा है कि पटवारी न होने से ग्रामीणों के कई महत्वपूर्ण कार्य बाधित हो रहे हैं, जिससे उनमें भारी नाराजगी है।

**खास बात**

- आवश्यक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर नहीं होने से ज्यादा दिक्कत

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का सम्मान समारोह एवं पुरस्कार वितरण कल

**सक्ती।** गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2024-25 का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला संयोजक राधेश्याम चंद्रा ने बताया कि जिला स्तरीय पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह 27 अप्रैल रविवार को गायत्री शक्तिपीठ सक्ती में प्रातः 9 बजे से आयोजित होगी जिसमें जिला सक्ती के अन्तर्गत ब्लॉक डभरा, मालखरौदा सक्ती एवं जैजैपुर के कक्षा 5 वीं से 12 वीं तक प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पारितोषिक देकर सम्मानित किया जाएगा। तथा जिस विघालय ने 100 से अधिक छात्र - छात्राओं को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सम्मिलित किया उस विधालय के प्रधान पाठक एवं प्राचार्य को भी सम्मानित करने के लिए आमंत्रित किया गया है । गायत्री शक्तिपीठ सक्ती के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी राजकुमार पटेल ने सभी से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है ।

## आपसी विवाद में एक युवक ने दूसरे पर चाकू से किया कई वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर के मस्जिद रोड में शुक्रवार की दोपहर 1 बजे दो युवकों के बीच आपसी विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि एक ने दूसरे युवक पर अचानक चाकू से कई बार वार करके उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया गया है।

- नगर के मस्जिद रोड की घटना, पुलिस ने दर्ज किया मामला

घटना के संबंध में यह जानकारी मिली कि शुक्रवार 25 अप्रैल की दोपहर 1 बजे फूल का व्यवसाय करने वाला साहिल खान मस्जिद रोड में मस्जिद के में गेट के सामने से गुजर रहा था तब दिनेश सिंह उर्फ विक्की के द्वारा शराब के नशे में गाली-गलौज किया गया। साहिल ने जब गाली बकने का कारण पूछा एवं गाली बकने से मना किया तो दिनेश सिंह ने अचानक अपने जेब से बटन वाला चाकू निकालकर साहिल खान के पीठ, गले ,छाती एवं हाथ में वार कर दिया जिससे साहिल खान गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के दौरान पास से गुजर रहे इमरान गौटिया के द्वारा घायल साहिल खान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा ले जाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। साहिल खान की रिपोर्ट पर पुलिस थाने में दिनेश सिंह उर्फ विक्की के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के धार 296, 351 (2)एवं 109(1 )के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। 1 वर्ष के अंदर नगर में चाकूबाजी कि यह तीसरी घटना है। सभी मामलों में चाकू बाजी करने वाला युवक शराब तथा अन्य व्यसन का आदि होना पाया गया है। प्रशासन को क्षेत्र में बिक रहे अवैध शराब ,गांजा, एवं मेडिकल स्टोर में बिक रही नशीली गोलियों के विरुद्ध अभियान चलाए जाने की आवश्यकता है। अवैध शराब गांजा एवं अन्य नशीली वस्तुओं पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले समय में नगर एवं क्षेत्र में अपराध की संख्या में निश्चित रूप से बढ़ोतरी देखने को मिलेगा एवं स्थिति और भी भयावह होगी।



अस्पताल में भर्ती घायल युवक।

### महमदपुर नहर में मिली अज्ञात लाश, जांच में जुटी पुलिस

अकलतरा। ग्राम महमदपुर के नहर में आज एक लावारिस लाश पाई गई है जो संभवत का कटघोरा से बहकर आई है । बताया जा रहा है कि शुक्रवार 25 अप्रैल को सुबह 11 बजे एक लाश महमदपुर नहर में पुल के नीचे फंसी हुई थी । गांव के लोगों ने जब देखा तो इसकी सूचना अकलतरा थाने में दी है । सूचना मिलने पर अकलतरा थाना के द्वारा कार्यवाही करते हुए लाश अपने कब्जे में लिया गया और आवश्यक कार्रवाई करने के पश्चात उसे शवगृह में रख दिया गया है । इस मामले में सभी थानों में सूचना दे दी गई है जिससे उस लाश की पहचान कर परिजन आ सके , फिलहाल अब तक लाश के पहचाने जाने की सूचना नहीं मिली है । अकलतरा थाना के अनुसार शनिवार 26 अप्रैल को लाश का पोस्टमार्टम कराया जाएगा तभी पता चल पाएगा कि यह मामला डूबने से मौत का है या हत्या कर लाश नहर में फेंकने का है ।

## शिक्षिका की प्रताड़ना से तंग होकर पांच बच्चों ने निकलवाया टीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के जीव विज्ञान की व्याख्याता के विरुद्ध पांच छात्रों के पालकों के द्वारा छात्रों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने की बात कह कर कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी से शिकायत की गई है।

पालकों की शिकायत पर जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा व्याख्याता मीनाक्षी सिंह को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी कारण बताओं नोटिस में उल्लेख किया गया है कि व्याख्याता मीनाक्षी सिंह के द्वारा सत्र 224-25 में कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं द्वारा टीसी निकलवा लिया गया जिसमे अंतिम टीसी सितंबर 2024 को लिया गया है। इनमें से दो छात्राओं के पालक द्वारा लिखित एवं तीन विद्यार्थियों के पालकों द्वारा लिखित में शिकायत की गई कि जीवविज्ञान शिक्षिका श्रीमती मीनाक्षी सिंह को द्वारा लगातार इन विद्यार्थियों को प्रताड़ित एवं हतोत्साहित किया जाता है। एक पालक ने दूरभाष के माध्यम से यह भी कहा कि उनकी बेटी सदमें में है और यही बात दोहरा रही है कि अगर उसका यहीं से टी.सी नहीं निकलवाया गया तो वह आत्महत्या कर लेगी। इसकी वजह से वे अपने पाल्य की यहां नहीं पढ़ाना चाहते। इस के संबंध में दो सदस्यीय जांच समिति गठित कर जांच करायी गई। समिति की रिपोर्ट अनुसार कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों के द्वारा लिखित बयान दिया गया है कि व्याख्याता के द्वारा विद्यार्थीयों भेद-भाव किया जाता है। अपने ही बातों में अड़े रहना, विद्यार्थियों से बहस करना, प्रैक्टिकल मार्फ लिए धमकी देना ,व्यवहार तथा शब्द शैली का गलत प्रयोग करना, पिछली बातों को लेकर बच्चों को डांटना, कम नम्बर आने पर उसके भेदभाव करना, टारगेट करना एवं डिमोटिवेट करना इत्यादि शिकायत बच्चों द्वारा की गई है। कारण बताओं नोटिस में यह भी उल्लेख किया गया है कि शिक्षिका के व्यवहार में पहले की तुलना में सुधार आया है लेकिन बच्चों ने शिक्षिका के बुरे व्यवहार के चलते ही शाला से टीसी निकलवा कर अन्य शालाओं में एडमिशन लिया है। जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा जांच समिति के द्वारा दिए गए रिपोर्ट के आधार पर व्याख्याता को निर्देशित किया गया है कि तीन दिनों के अंदर कारण बताओं नोटिस का जवाब प्रस्तुत करें। जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर व्याख्याता के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

- आत्मानंद स्कूल का मामला, डीईओ ने जारी किया कारण बताओं नोटिस

जिले के 50 ग्राम पंचायतों में हुआ शुभारंभ, आवश्यक सेवाओं के लिए नहीं लगाना पड़ेगा ब्लॉक व जिला मुख्यालय का चक्कर

# ग्रामीणों को अब एक छत के नीचे मिलेगी डिजिटल सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

एक साथ जिले के 50 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ किया गया है। अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र के माध्यम से ग्रामीणों को एक छत के नीचे सभी प्रकार के डिजिटल सुविधा मिल सकेगी। इसके अलावा ग्रामीणों को नगद लेन-देन, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जैसे सेवाओं के लिए ब्लॉक या जिला मुख्यालय जाने की आवश्यकता नही पड़ेगी।

जांजगीर चांपा जिले के सभी ग्राम पंचायतों में पंचायती राज दिवस का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि पंचायतीराज दिवस के अवसर पर गुरुवार 24 अप्रैल को जिले के 50 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ किया गया। अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र के माध्यम से ग्रामीणों को एक छत के नीचे सभी प्रकार के डिजिटल सुविधा मिल सकेगी। इसके अलावा ग्रामीणों को नगद आहरण की सुविधा मिलने लगेगी। ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र के प्रारंभ हो जाने से ग्रामीणों को नगद लेन-देन, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जैसे सेवाओं के लिए ब्लॉक या जिला मुख्यालय जाने की आवश्यकता नही पड़ेगी। पंचायतीराज दिवस के अवसर पर जिले के नवागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कार्यालय बनारी में आयोजित समारोह में जिला जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी , जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारियों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। समारोह में उपस्थित जन प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने पंचायतीराज दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के वर्चुअली संबोधन को भी सुना। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में 'मोर गांव, मोर पानी अभियान' के तहत जल संरक्षण के कार्य में अपनी अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित करने की शपथ भी दिलाई।




ग्राम बनारी में शुरु हुआ अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र।

## खबर संक्षेप

### ऑल इंडिया लीनेस क्लब ने मनाया चार्टर-डे



**सक्ती।** आंल इंडिया लीनेस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट सी एम -1संपदा सक्ती क्लब ने क्लब अध्यक्ष लीनस अल्का कंवर के नेतृत्व में लीनेस चार्टर्ड डे हनुमान मंदिर में पर्यावरण स्वाच्छता हेतु डस्टबीन देकर, हलूआ ,चना का भोग लगाकर वितरण कर मनाया। साथ ही चार्टर्ड अध्यक्ष लीनेस विजया जायसवाल का स्वागत किया। इस अवसर पर लीनेस चार्टर्ड अध्यक्ष लीनेस विजया जायसाल, अनीता सिंह, भगवती देवांगन, पूनम साहू,मीरा देवांगन, शालू पाहवा, रीता राज , प्रभा जायसवाल, मंजू जायसवाल,कलेश्वरी साहु एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय वेबिनार में नम्रता मध्यप्रदेश में हुई सम्मानित



**जांजगीर-चांपा।** चाइल्ड कंजर्वेशन फाउंडेशन इंडिया के माध्यम से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में श्रीमती नम्रता पटेल पूर्व अध्यक्ष बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) जिला जांजगीर चाम्पा छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। आयोजन भोपाल स्थित रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन के सभागार में 250 वेबिनार पूर्ण होने की उपलक्ष्य किया गया। इस अवसर पर नम्रता पटेल पूर्व अध्यक्ष बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) जिला जांजगीर चाम्पा को बाल संरक्षण के क्षेत्र में समाज कार्य व उत्कृष्ट मास्टर ट्रेनर तथा सक्रिय भूमिका के रूप में योगदान के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्री मध्य प्रदेश शासन श्रीमति निर्मला भूरिया एवं स्वास्थ्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, सीसीएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राघवेंद्र शर्मा एवं सीसीएफ के राष्ट्रीय सचिव डॉ. कृपा शंकर चौबे के हाथों मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### एनएसएस वालेंटियर वैदेही ने किया स्वेच्छिक रक्तदान

**चांपा।** राष्ट्रीय सेवा योजना की सक्रिय सदस्य और छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय भिलाई के यू टी डी में बी टेक अंतिम वर्ष में अध्ययनरत छात्रा वैदेही गुप्ता ने मानवता की सेवा में एक प्रेरणादायक कदम उठाते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया। वैदेही ने कहा रक्तदान एक छोटा-सा प्रयास है जो किसी की ज़िंदगी बचा सकता है। हर सक्षम व्यक्ति को आगे आकर नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। यह न केवल किसी अन्य की मदद करता है, बल्कि स्वयं को भी स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाता है। यह स्वेच्छिक रक्तदान उन्होंने अपनी माता रक्तदानी व्याख्याता श्रीमती रेखा गुप्ता और पिता छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन के जिलाध्यक्ष मूलचन्द गुप्ता से प्रोत्साहित होकर किया है। एनएसएस का मूल उद्देश्य 'मैं नहीं, आप' की भावना को आगे बढ़ाना है, और वैदेही गुप्ता ने इस उद्देश्य को अपने कार्य से सार्थक किया है।



### निधन

#### भरत आदित्य

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम खोखरा के प्रतिष्ठित नागरिक भरत आदित्य का बुधवार 23 अप्रैल को 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र जितेंद्र आदित्य ने दी। उनके अंतिम यात्रा में स्वजन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। वे जितेंद्र आदित्य व गणेश आदित्य के पिता थे।



कलेक्टर ने सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का शतप्रतिशत निराकरण करने के लिए निर्देश

# अधिकारी-कर्मचारी बिना अनुमति न रहें मुख्यालय से बाहर : महोबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नवपदस्थ कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निष्ठापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों से कहा कि मुख्यालय में ही रहकर कार्य करें एवं बिना अनुमति के मुख्यालय न छोड़े। उन्होंने सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का शतप्रतिशत निराकरण करने के निर्देश दिए।

जिले के नवपदस्थ कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने शुक्रवार 25 अप्रैल को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से परिचय प्राप्त करते हुए विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय योजनाओं और कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निष्ठापूर्वक, पारदर्शिता एवं अनुशासन के साथ कार्य करने के



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर।

निर्देश दिए हैं। साथ ही अधिकारियों से कहा कि मुख्यालय में ही रहकर कार्य करें एवं बिना अनुमति के मुख्यालय न छोड़े। उन्होंने सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं जिला स्तरीय अधिकारी फिल्ड में चल रहे कार्यों की जानकारी रखने एवं नियमित फिल्ड का विजीट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की फ्लैगशीप योजनाओं का उत्कृष्ट क्रियान्वयन करें जिससे शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को इसका लाभ प्राप्त हो। कलेक्टर ने सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण के स्थिति की समीक्षा की तथा सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। बैठक में कलेक्टर ने जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यों तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री महोबे ने जल जीवन मिशन के कार्यो की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य, सिकल सेल जांच, आयुष्मान आरोग्य मंदिर तथा विभाग अंतर्गत चल रहे भर्ती प्रक्रिया की विस्तार पूर्वक जानकारी ली एवं भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता से करने कहा। कलेक्टर ने आदिवासी विकास विभाग, राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मत्स्य पालन विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, सहकारिता विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर आर के तंबोली सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## लो वोल्टेज व बार-बार बिजली कटौती से अब ग्रामीणों को मिलेगी निजात

हरिभूमि न्यूज ⏭ घोघरी

समीपस्थ विद्युत उपकेंद्र बड़े सीपत में 3.15 केवीए पावर ट्रांसफार्मर लगाए जाने से अंचल के किसानों व बिजली उपभोक्ताओं को अब लो वोल्टेज बिजली की बार-बार कटौती जैसे अनेक समस्याओं से जूझना नहीं पड़ेगा।



नया ट्रांसफार्मर लगाते मंडल के कर्मचारी।

ज्ञात हो कि इस उप केंद्र के किसानों व बिजली के आम उपभोक्ताओं द्वारा बिजली की कटौती व बार-बार लो वोल्टेज की समस्या को लेकर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष के निवास स्थान हसौद में जाकर गुहार लगाया गया था। श्री सिन्हा के द्वारा गंभीरता से लेकर तत्काल छत्तीसगढ़ स्टेट पावर के अधिकारियों को पत्र लिखकर समस्या के समाधान हेतु पावर ट्रांसफार्मर लगाए जाने अवगत कराया गया था, जिन्हें बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा मौके में आकर वस्तु स्थिति को देखकर तत्काल एस्टीमेट बनाया गया। साथ ही पावर ट्रांसफार्मर लगाए जाने हेतु चबूतरा का निर्माण भी कराया गया जिसमें कुल 70 लाख की राशि से पावर ट्रांसफार्मर का कार्य एक सप्ताह के अंतर्गत में किया गया। साथ ही पावर ट्रांसफार्मर लगाए जाने हेतु बिजली विभाग के

- विद्युत उपकेंद्र बड़े सीपत में लगाया गया नया ट्रांसफार्मर

अधिकारियों द्वारा लगातार दिन-रात काम किए जाने से 25 अप्रैल दिन शुक्रवार को चालू किया गया वहीं क्षेत्र के आम उपभोक्ताओं द्वारा तात्कालिक पावर ट्रांसफार्मर लगाए जाने को लेकर प्रसन्नता देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि यहां कई सालों से बिजली की समस्या को लेकर किसानों द्वारा हमेशा से उच्च अधिकारियों व क्षेत्रीय नेताओं को अवगत कराया जाता रहा है फिर भी किसी भी अधिकारियों द्वारा कार्य करने हेतु गंभीर नहीं दिखाई दे रहे थे किंतु अब क्षेत्र के किसानों व बिजली के आम उपभोक्ताओं को पावर ट्रांसफार्मर लग जाने से उनकी खेती किसानी जैसे अनेक घरेलू कार्य सुचारू रूप से संचालित चौबीस घंटों तक होगा।

## विश्व पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण जागरुकता संरक्षण जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**चांपा।** नवागढ़ विकासखण्ड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवापारा (अमोदा) में 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में लगे सभी पौधों व पेड़ों के आसपास सफाई कर आवश्यकतानुसार खाद व पानी डाले गये। इस अवसर पर प्रधान पाठक भानू प्रताप महाराणा ने अपने संदेश में कहा कि हम विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से बड़े परिवर्तन संभव हैं। शिक्षक कन्हैया लाल मरावी ने बताया कि विद्यालय विद्यार्थियों से बनता है और उनकी सक्रिय भागीदारी कार्यक्रम को सफल बनाती है। उन्होंने यह भी कहा कि पृथ्वी और पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी है। पृथ्वी जल वायु इको क्लब के सौजन्य से यह आयोजन किया गया जिसके नोडल शिक्षक राजेश कुमार सूर्यवंशी ने बच्चों को बताया कि विश्व पृथ्वी दिवस पर आज हम सभी के लिए यह सोचने का एक बढ़िया समय है कि हम क्या कर रहे हैं जो धरती माता पर प्रभाव डाल रहा है। स्कूल बच्चों को पृथ्वी की देखभाल करना सिखाकर अभी और भविष्य की पीढ़ियों के लिए बहुत बड़ा बदलाव ला सकते हैं।



## पर्यटकों पर गोली चलाकर हत्या करने वालों को देश कभी माफ नहीं करेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा 26 पर्यटकों पर गोली चलाकर की गई नृशंस हत्या के निंदनीय कृत्य के विरोध में भाजपा नगर मंडल जांजगीर नैला द्वारा शहीद स्मारक जयस्तंभ में श्रद्धांजलि सभा रखा

- कश्मीर के पहलगाम में दिवंगत आत्माओं को भाजपा नगर मंडल दी श्रद्धांजलि

गया था तथा मोमबत्ती जलाकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर प्रार्थना की गई।

छग विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल इस बर्बरता पूर्ण अमानवीय कृत्य की भर्त्सना करते हुए इस घटना में शामिल दोषियों को कड़ी सजा देने मांग करते हुए दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी और कहा कि कश्मीर हमारे देश का मणिमुकुट है, यहां लोग सैर के लिए जाते और आतंकियों के द्वारा पर्यटकों को धर्म पूछ कर हत्या की गई। इस घटना को देश कभी माफ नहीं करेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े के कहा कि,हृदय विदारक घटना को अंजाम देने वाले माफी के लायक नहीं, इस घटना से पूरा देश आक्रोशित है,और पूरा देश




शहीद स्मारक में श्रद्धा सुमन अर्पित करते भाजपाई।

शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है। इस श्रद्धांजलि सभा में कमला पाटले पूर्व सांसद,चुन्नी लाल साहू पूर्व विधायक, प्रशांत सिंह,अमर सुल्तानिया,पुष्पेंद्र सिंह, हितेश यादव नगर मंडल अध्यक्ष, विवेका गोपाल, कैलाश बसाईवाल,संतोष उपाध्याय, सुधीर अग्रवाल, पुनीराम कहरा, मनीषा गोपाल,संतोषी दुबे, प्रेमलता कौशिक, दुलोरिन चौरसिया,प्रतिमा डाहरे, उमा सोनी, शिवानी कहरा, जितेन्द्र खांडे, मोती लाल डहरिया सभापति,आलोक मिश्रा, प्रेम थवाईत,विवेक सिंह,उमेश राठौर सभापति, अजित गढ़वाल सभापति, नंदलाल यादव पार्षद, अमित यादव पार्षद, गुड्डू कहरा पार्षद,पंकज कहरा पार्षद, सुनील कश्यप पार्षद,रघु कश्यप सभापति,रामचंद्र गोपाल, जितेन्द्र देवांगन, पंकज अग्रवाल, राकेश रूपवानी,राकेश गढ़वाल,प्रदीप सोनी, सुनील पांडेय,दिनेश राठौर,सोनू यादव, सतीश शर्मा, सुशील सिंह,कमल राठौर, रोहित कुलदीप,भूपेंद्र साहू, हरदेव टंडन, शैल राठौर,मयंक परमहंस,प्रदीप राठौर, पिंकल माली,गजेंद्र सिंह,राजेश शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, मार्शल, रितेश राठौर, रामेश्वर पटेल,गोलू दुबे,छबि कश्यप, रितेश अग्रवाल, सागर राठौर, पिंकू राठौर, गोलू केवर्थ, अजय कौशिक, रजनीश अग्रवाल सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को दी गई श्रद्धांजलि

**खरौद।** नगर पंचायत खरौद में पहलगाम में सैलानियों पर किए गए आतंकवादियों के द्वारा कायरता पूर्वक हत्या में मृतको को श्रद्धांजलि अर्पित की गई वहीं मृतात्मा की शांति के लिए सभी ने मौन रखा। आतंकियों ने मंगलवार को पहलगाम में पर्यटकों पर गोलियां चलाई जिससे 26 लोगों की मौत हो गई 20 लोग जख्मी हो गए। श्रद्धांजलि देने वालो में नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद यादव, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुबोध शुक्ला, कांग्रेस नेता रामलाल यादव,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सोनाउ राम गुप्ता, नगर पंचायत उपाध्यक्ष महेश्वर यादव, पूर्व पार्षद शरद शर्मा, पूर्व एल्डरमेन बसंत यादव,शिवरात्री यादव अध्यक्ष आध्यात्म परिषद, प्रधानाचार्य राम कुमार साहू, कृष्ण कुमार आदित्य, शंभु यादव, रविशंकर यादव, सत्यम सिदार पार्षद, गोविंद धृतलहरे पार्षद ,सन्तोष केशरवानी, रज्जु यादव से.नि. न.पं. कर्मचारी,कांति कुमार यादव से.नि. मोहर्रिर ,कमलेश यादव, से.नि. शिक्षक हेमलाल यादव सहित नगरवासी उपस्थित थे।



## महाराणा प्रताप का जीवन चरित्र राष्ट्र भक्तों के लिए प्रेरणापुंज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

विश्व धरोहर दिवस के परिपेक्ष्य में जिला मुख्यालय जांजगीर में मुख्यमंत्री घोषणा के परिपालन में भारत माता के मान सम्मान एवं स्वाभिमान के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले राष्ट्र नायक महाराणा प्रताप की प्रतिमा अतिशीघ्र स्थापित करने हेतु डी.के. मेडिकल स्टोर्स जांजगीर में राजपूत क्षत्रिय समाज के वरिष्ठ प्रतिनिधि सुखसागर सिंह की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुआ। जिसमें सर्व राजपूत क्षत्रिय संगठन के वरिष्ठ एवं युवा प्रतिनिधियों ने भाग लेकर 25 मई 2018 को तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह की घोषणा के प्रतिपालन में सामान्य प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा जारी आदेश के तहत जिला प्रशासन के आदेशानुसार आबंटित स्थल खोखरा मोड़ जांजगीर में प्रतिमा स्थापना होने तक प्रमुख जन प्रतिनिधियों एवं समस्त राष्ट्र प्रेमियों के सहयोग से प्रयास करते रहने का निर्णय लिया एवं कलेक्टर द्वारा राष्ट्रवीर महाराणा प्रताप की आदमकद प्रतिमा निर्माण हेतु

- जिला मुख्यालय में महाराणा प्रताप की प्रतिमा अतिशीघ्र स्थापित करने का संकल्प पारित



बैठक में उपस्थित समाज के लोग।

प्रेषित प्राक्कलन के आधार पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह द्वारा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को प्रेषित अनुशंसित पत्र के अनुसार सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा राशि आबंटन हेतु निरंतर प्रयास करते रहने का संकल्प लिया गया है। बैठक के संयोजक देवेश कुमार सिंह ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के नवनियुक्ति खनिज निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह ने उक्त विषय पर संज्ञान लेते हुए ,राज्य शासन से अतिशीघ्र पहल करने का संदेश प्रदान किया है। बैठक में बड़ी संख्या में राजपूत क्षत्रीय समाज के लोग उपस्थित रहे।

## अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर शिकागो के अमर शहीदों को करेंगे याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ एवं कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयुक्त तत्वाधान में शिकागो के अमर शहीदों की याद को ताजा बनाए रखने हेतु अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस 1 मई गुरुवार को जांजगीर के कर्मचारी भवन केरा रोड में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें आगंतुक अतिथियों के साथ सभी कर्मचारी संगठन के सदस्यों के द्वारा शिकागो के अमर शहीदों की बेदी पर प्रातः 9:30 बजे पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

जिले में निवासरत विशिष्ट प्रकार के कार्य करते हुए अपनी पहचान बनाए रखने वाले साथियों का सम्मान सेवा निवृत अध्यक्षों पदाधिकारी का सम्मान तत्पश्चात रैली के माध्यम से प्रधानमंत्री भारत सरकार, मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम से कलेक्टर को विभिन्न मांगो एवं समस्याओं का ज्ञापन सौपा जाएगा। अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस 1 मई गुरुवार को प्रातः 9:30 बजे से आम जनता ,मजदूर, राहगीरों के लिए स्वल्पाहार ,शीतल पेयजल, कोल्डड्रिंक की व्यवस्था कर्मचारी भवन केरा रोड जांजगीर के सामने किया जाएगा। इस अवसर पर जिले के सभी कर्मचारी, अधिकारी, मजदूर,श्रमिक से कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के उप प्रांता अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष अर्जुन सिंह क्षत्रीय,कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक विश्वनाथ सिंह परिहार, राजपत्रित अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष डॉ विष्णु पैगवार, ट्रेड यूनियन काउंसिल के अध्यक्ष टीकम थवाईत, राजस्व पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव भारतीय जीवन बीमा निगम एंप्लाइज संगठन वीरेंद्र सेंडे, राज मिस्त्री कल्याण संघ अमरनाथ बर्मन ,आंगनवाड़ी सहायिका संघ सरिता कश्यप, सीता राठौड़ ,कोटवार एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ शांति दास, स्कूल रसोइया संघ श्रीमती संतोषी कौशिक, पेंशनर्स कल्याण संघ रामकुमार थवाईत, लिपिक कल्याण संघ विशाल वैभव तिवारी आदि ने कार्यक्रम में सभी से उपस्थित होने की अपील की है

## सब्जी मंडी को यथावत रखने व्यापारियों ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत संचालित हो रही थोक सब्जी मंडी को वर्तमान स्थान कोटाड़बरी की धान मंडी से हटाकर पुनः पुराने स्थान बिर्रा रोड में स्थानांतरित किए जाने के आदेश का व्यापारियों ने तीव्र विरोध किया है। शुक्रवार को सैकड़ों की संख्या में सब्जी व्यापारी, पार्षदगण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि नगर पालिका कार्यालय पहुंचे और मंडी को वर्तमान स्थान पर ही बनाए रखने की मांग की।

- नगरपालिका अध्यक्ष से मिले सब्जी व्यापारी

गौरतलब है कि कोरोना काल के दौरान भीड़ और अव्यवस्था से बचने के लिए मंडी को बिर्रा रोड से हटाकर कोटाड़बरी स्थित धान मंडी में अस्थायी रूप से स्थानांतरित किया गया था। यहां की बेहतर व्यवस्था, पर्याप्त स्थान और पार्किंग सुविधा के कारण व्यापारी और ग्राहक दोनों ही संतुष्ट हैं और यह व्यवस्था लगातार जारी है। हाल ही में मुख्यमंत्री के सुशासन उत्सव के दौरान कुछ लोगों ने मंडी को पुराने स्थान पर पुनः स्थापित करने की मांग की, जिस पर प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए पुराने स्थान पर मंडी संचालित करने का आदेश जारी कर दिया। इस निर्णय के विरोध में व्यापारी वर्ग ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने बताया कि वर्तमान स्थान पर मंडी व्यवस्थित ढंग से चल रही है, यहां भीड़-भाड़ नहीं होती, यातायात प्रभावित नहीं होता और सभी को सुविधाएं प्राप्त हैं। पुराने स्थान पर न तो पर्याप्त जगह है, न ही ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू है, जिससे अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होती है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव ने व्यापारियों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए मामले पर उचित निर्णय का आश्वासन दिया है। हालांकि अभी मंडी के भविष्य को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है, लेकिन व्यापारियों की एकजुटता ने प्रशासन को अपने निर्णय पर पुनर्विचार के लिए मजबूर कर दिया है।



पालिका अध्यक्ष से मिलने पहुंचे सब्जी व्यापारी।




